
12- MAY- RAG Bhoomi- pg-1_Layout 1 5/12/2024 9:12 PM Page 1

तापमान
अधिकतम 38.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि
बिलासपुर, सोमवार, 13 मई 2024

4 ऐंडू पुल से राबर्टसन साईड़िंग तक सड़क नहीं बना तो होगा आन्दोलन



खरसिया | सारंगढ़ | घरघोड़ा | धरमजयगढ़ | पुसौर | बरमकेला | लैलूंगा | तमनार

## साइकिल दुकान से मिली भारी खेप, जूटमिल पुलिस की कार्रवाई

# नाबालिगों को सोल्यूशन बेचने वाला दुकान संचालक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जूटमिल पुलिस ने नाबालिगों को टायर के पंचर बनाने मे उपयोग किए जाने वाले सोल्यूशन को बेचने वाले साइकिल दुकान संचालक को गिरफ्तार किया है। दुकान संचालक के पास भारी मात्रा में सोल्यूशन की खेप बरामद की गई है। इसी का उपयोग नाबालिकों द्वारा नशे के लिए किया जाता है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार जूटमिल थाना क्षेत्र अंतर्गत होंडा शो रूम के समीप रश्मि साइकिल स्टोर के संचालक सुनील अग्रवाल के द्वारा नाबालिगों को सोल्यूशन बेचने की शिकायत पर जूटमिल थाना प्रभारी मोहन भारद्वाज द्वारा कार्रवाई करते हुए उसे गिरफ्तार किया गया है। वहीं उसके कब्जे से भारी मात्रा में सोल्यूशन की बरामद कर जब्त किया गया है। आरोपी सुनील अग्रवाल पिता रेखचंद अग्रवाल उम्र 38 वर्ष के खिलाफ धारा 151 के तहत प्रतिबंधात्मक कार्रवाई करते हुए एसडीएम न्यायालय में पेश किया गया है। सूत्रों ने इस बारे में बताया कि आरोपी काफी लंबे समय से नाबालिगों को सोल्यूशन की बिक्री कर रहा है। बता दें कि टायरों के पंचर बनाने में उपयोगी यह सोल्यूशन नशे के लिए कई नाबालिग व बालिक युवकों द्वारा उपयोग किया जाता है।



### शहर के कई दुकानों मे धड़ल्ले से हो रही बिक्री

इस संबंध में सूत्रों ने बताया कि शहर में कई साइकिल दुकान हैं जहां सोल्यूशन को धड़ल्ले से नाबालिगों को बेचा जाता है। कूड़ा कचरा बीनने वाले ज्यादातर नाबालिग इसे नशे के रूप में उपयोग करते आसानी से देखे जा सकते हैं।

### सस्ता होने से नशे में अधिक उपयोग

बताया जा रहा है कि ऐसे नाबालिगों के लिए नशे का सबसे सस्ते माध्यम यही है। जो उन्हें बिना किसी रोक टोक के आसानी से मिल जाता है। क्योंकि इसका उपयोग पंचर बनाने में गोंद के रूप में किया जाता है। ऐसे में यह कई साइकिल दुकानों में आसानी उन्हें मिल जाता है।

## 7 ई-टिकट के साथ पकड़ा गया टिकट दलाल



**रायगढ**। आरपीएफ ने मुखबीर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए अड़भार निवासी एक टिकट दलाल को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से 7 ई टिकट बरामद किए गए हैं। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार आरपीएफ को मुखबीर से बाजार चौक में स्थित एक दुकान में ई टिकटों की बिक्री अधिक कीमत करने की जानकारी मिली थी। इसी सूचना के आधार पर अडभार पुलिस के सहयोग से आरपीएफ उप निरीक्षक संजय एस ने स्टाफ के साथ बाजार चौक देवॉगन मोहल्ला मे स्थित श्री श्याम कृपा ऑनलाईन सेन्टर में दबिश दी। जहां दुकान संचालक मिला, पूछताछ में उसने अपना नाम राजेश्वर प्रसाद पिता भुवनेश्वर उम्र 23 वर्ष, निवासी वार्ड क्रमांक 6 बताया। रेलवे ई टिकट बनाने के संबंध में पूछताछ करने एवं इलेक्ट्रॉनिक समानों का जांच करने पर देखा गया कि राजेश्वर प्रसाद स्वयं के मोबाईल द्वारा व्यक्तिगत यूजर आईडी से 7 नग पूर्व रेलवे आरक्षित ई टिकट बनाया है। आरोपी को गिरफ्तार करते हुए रेलवे अधिनियम की धारा 143 के तहत अपराध दर्ज करते हुए 7 रेल ई टिकट तथा सुसंगत इलेक्टॉनिक उपकरणों जब्त कर जांच में लिया गया।



## प्रतिबंध के बाद भी लोग पहुंच रहे पचाधारी एनीकट, एसपी से शिकायत

**रायगढ़**। गोवर्धनपुर स्थित एनीकट में लोगों के नहाने आदि पर प्रतिबंध लगाया गया है। किंतु इस प्रतिबंध का असर जमीनी स्तर पर नजर नहीं आ रहा है। वहां रोजाना सैकड़ों की संख्या में लोग पहुंच रहे हैं। वहीं इस स्थान पर असामाजिक तत्वों भी जमावड़ा लगा रहता है। ऐसे में ब्लॉक कॉग्रेस अध्यक्ष रवि यादव ने प्रतिबंध के बाद भी यहां आने वाले लोगों पर 1 हजार रूपए जुर्माना लगाने व असामाजिक तत्वों पर कार्रवाई करने की मांग करते हुए एसपी से शिकायत की है।

- जुर्माने की राशि 1 हजार करने व असामाजिक तत्वों पर कार्रवाई की मांग

गौरतलब है कि गोवर्धनपुर के पास पचधारी एनीकट में पानी में डूबने से पूर्व में करीब आधा दर्जन से अधिक लोगों की जान जा चुकी है। वहीं इस जगह पर स्नान आदि पर भी प्रशासन ने प्रतिबंध लगाते हुए ऐसा करते पाए जाने पर 200 रूपए जुर्माना लगाने को निर्देश भी दिया है। यानी इस जगह को जिला प्रशासन ने प्रतिबंधित क्षेत्र घोषित किया है। किंतु इसके बावजूद भी लोग यहां रोजाना सैकड़ों की संख्या में नहाने के लिए पहुंच रहे हैं। इसके अलावा यहां रोजाना शराब खोरी भी की जा रही है साथ कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा उत्पात भी मचाया जा रहा है। बता दें कि यहां कई लोगों के मोबाइल, पर्स से लेकर मोटरसाइकिल तक चोरी हो चुकी है। कांग्रेस ब्लॉक युवा अध्यक्ष रवि यादव और युवाओं ने प्रतिबंध के बावजूद लोगों के नहाने और अनैतिक कार्य करने की शिकायत पुलिस अधीक्षक से की है। शिकायत में कहा गया है कि रोजाना यहां असामाजिक तत्वों को जमावड़ा लग रहा है। इसके साथ ही मारपीट, लूटपाट व चोरी की घटनाएं हो रही हैं। शिकायतकर्ताओं ने 200 के जुर्माने की राशि को बढ़ाते हुए 1 हजार रुपए करने और अनैतिक कार्य करने वालों पर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

## खबर संक्षेप

### प्रतिभा ने हासिल किए 94 फीसदी अंक



**सरसींवा**। सरस्वती शिशु मंदिर सरसीवां में अध्ययनरत छात्रा प्रतिभा दीवान ने कक्षा 10वी में 94.33 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपनी शाला में प्रथम स्थान प्राप्त कर पुरे ग्राम सरसीव़ा एशाला परिवार और अपने परिवार जनो को गौरवान्वित किया है। प्रतिभा दीवान धनेश्वर धर दीवान एवं श्रीमती स्व भविता दीवान की सुपुत्री और पत्रकार प्रकाश धर दीवान की भतीजी हैं। अपनी इस सफलता का श्रेय उन्होंने अपने समस्त आचार्य आचार्या एवं अपने परिवार के सदस्यों को दिया है। उन्होंने इच्छा जाहिर कि जिस तरह से अध्ययन का सटीक वातावरण उन्हें अपनी शाला में गुरूजनो से और अपने परिवार में चाची रिम्मी और रेशमा दीवान के मार्गदर्शन से मिला वैसा ही सभी छात्र छात्राओं को मिले। पत्रकार संघ द्वारा कु. प्रतिभा दीवान को बधाई के साथ उज्वल भविष्य की कामना किए जिसमें सरसींवा पत्रकार संघ के अध्यक्ष राकेश सोनी, कोषाध्यक्ष प्रकाश धर दीवान, रमेश कुमार मनहर, मनीष अग्रवाल, राहुल पांडे, हेमंत बंजारे, अशोक मनहर, नीलकान्त खटकर, दरस टंडन, युवराज निराला, कान्हा अग्रवाल एवं सभी आशीर्वाद प्रदान किए।

### आयोजन में बचे हुए भोजन का उचित प्रबंध करें

**सारंगढ़**। गर्मी के दिनों में अक्सर शादी जैसे समारोह का आयोजन बड़ी संख्या में किया जाता है। इसके साथ.साथ अन्य समारोह जैसे छठी, जन्मोत्सव, वर्षगांठ, दशकर्म, तेरहवी एवं अन्य प्रकार की धार्मिक अनुष्ठानों में भी बहुतायत मात्रा में भोज का आयोजन किया जाता है। ऐसे भोज में बचे हुए रोटीए चावलए सब्जी आदि को बाहर फेंक दिया जाता है, जिसे मवेशियों द्वारा अधिक मात्रा में खाने पर उनकी जान भी चली जाती है। इन परिस्थितियों को देखते हुए आयोजकों को बचे हुए भोजन पर ध्यान देने की जरूरत है। बचे हुए अधिक मात्रा के खाने का उचित प्रबंध नहीं करने पर मवेशियों के लिए खतरा है। उल्लेखनीय है कि कई बार अलग अलग स्थानों के अलग अलग आयोजनों में मवेशियों के साथ यह घटना घट चुकी है।

### मां नगर कॉलोनी के गेट तय समय तक रहेंगे बंद

**रायगढ़**। टीवी टावर रोड अतरमुड़ा स्थित मां नगर कॉलोनी वासियों ने निर्णय लेते हुए बताया कि कॉलोनी व यहां के रहवासियों की सुरक्षा को देखते हुए सर्व सम्मति से कॉलोनी की गेट नंबर 2 को रात 8.30 बजे से सुबह 5 बजे तक बंद रखने को निर्णय लिया गया है। यह गेट प्राची विहार की ओर खुलता है।

### जिला सहकारी बैंक का भवन का नहीं हो पा रहा उपयोग

**जांजगीर-चांपा**। जिला मुख्यालय जांजगीर में जिला सहकारी बैंक का भवन बनकर तैयार है लेकिन हैंड ओव्हर की समस्या के चलते भवन का उपयोग नहीं हो पा रहा है। ऐसे में बैंक राशि निकालने पहुंचे खाताधारकों को उठने बैठने एवं पेयजल के लिए परेशानी होती है। जिला मुख्यालय जांजगीर के भीमा तालाब मार्ग पर जिला सहकारी केंद्रीय बैंक का संचालन किया जा रहा है। पुराने भवन में उठने बैठने एवं किसानों को पेयजल संबंधित परेशानी उठानी पड़ती है। इस बात को ध्यान में रखकर करीब 6 साल पूर्व लाखों रुपए की लागत से पुराने भवन के बगल में ही नया जिला सहकारी बैंक का भवन बनकर तैयार है। नवनिर्मित भवन में किसानों के बैठने उठने एवं पेयजल संबंधित समस्याओं को ध्यान में रखकर सर्व सुविधा युक्त भवन बनाया गया है, लेकिन हैण्डओव्हर नहीं हो पाने के चलते इस तरह की समस्या किसानों को झेलनी पड़ रही है।

## मदिरा दुकानों के अहाता में दुकान संचालन हेतु निविदा खोली गई

**सारंगढ़**। कलेक्टर रायगढ़ कार्तिकेया गोयल और कलेक्टर सारंगढ़.बिलाईगढ़ धर्मेश कुमार साहू, सहायक आयुक्त रायगढ़, जिला आबकारी अधिकारी सारंगढ़ बिलाईगढ़ श्रीमती सोनल नेताम समेत आबकारी विभाग के स्टॉफ एवं निविदादाता की उपस्थिति में सृजन सभाकक्ष कलेक्टोरेट रायगढ़ में निविदा खोला गया।

जिले में संचालित देशी एवं विदेशी मदिरा की फुटकर दुकानों के परिसर से संलग्न आहातों जिनमें मदिरा उपभोग की अनुमति लाइसेंस शर्तों के अधीन प्रदान की जाएगी। इस व्यवस्थापन हेतु इच्छुक निविदादाताओं से ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किया गया था। सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले की 21 में से 20 मदिरा दुकानों हेतु आवेदन आमंत्रित किए गए थे, जिनमें से 17 मदिरा दुकानों हेतु 46 ऑनलाईन आवेदन प्राप्त हुए थे, जिसमें से 44 पात्र पाए गए थे। चयन के दिन वास्तविक कार्यवाही का संपादन करने के पूर्ण निविदादाताओं को प्रक्रिया की जानकारी दी गई है। प्रक्रिया को सभी निविदादाताओं की सुविधा के लिए बड़े पर्दे पर दिखाया गया। सभी 17 दुकानों के लिए आवेदन की संख्या अनुसार प्रथम, द्वितीय और तृतीय उच्च बोली वाले निविदादाताओं का चयन जिला स्तरीय समिति द्वारा एनआईसी के डेटाबेस से तैयार किया गया है। चयनित प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय निविदादाता को अपने निविदा प्रपत्र में वर्णित जानकारियों के समर्थन में मूल अभिलेखों के साथ 02 कार्य दिवस के भीतर स्वयं उपस्थित होने के लिए निर्देशित किया गया है। चयनित प्रथम निविदादाता को आबकारी विभाग द्वारा निर्धारित अग्रिम राजस्व की भुगतान भी चयन के 02 कार्य दिवस के भीतर करना है। दस्तावेज परीक्षण और अग्रिम राजस्व जमा करने में असफल रहने पर चयन स्वयंमेव निरस्त हो जायेगा एवं द्वितीय क्रम में चयनित आवेदक को अवसर दिया जायेगा। ऐसे असफल आवेदक द्वारा आवेदन के समय जमा की गई अर्नेस्ट मनी की राशि को जप्त कर अहाता निर्देश की कंडिका 13.1 के अनुसार राज्य में कहीं भी कोई आबकारी लायसेंस धारण करने से वर्जित कर दिया जाएगा। जिला सारंगढ़.बिलाईगढ़ की 17 मदिरा दुकानों हेतु निर्धारित रिजर्व प्राईज की तुलना में 29.43 प्रतिशत अधिक बोली प्राप्त हुई है।

## सड़क हादसे में मौत, चक्काजाम

**जांजगीर-चांपा**। सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई। घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने मौके पर चक्काजाम कर दिया। घटना अकलतरा थाना क्षेत्र के अमरताल की है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार ग्राम तिलई निवासी 40 वर्षीय सुधीर कुमार सतनामी शनिवार 11 मई की रात 8 बजे किसी काम से ि नकला हुआ था। इसी दौरान तेज रफ्तार अज्ञात ट्रक ने सुधीर को अपनी चपेट में ले लिया। ट्रक की चपेट में आने से सुधीर की मौके पर ही मौत हो गई। इधर घटना स्थल पर लोगों की भीड़ जुट गई। कुछ ही देर में परिजन भी पहुंच गए। घटना से आक्रोशित परिजन और स्थानीय ग्रामीणों ने घटना स्थल पर चक्काजाम कर दिया। इसकी सूचना पाकर थाना प्रभारी पुलिस बल मौके पर पहुंचकर लोगों को समझाने का प्रयास किया।

## शादी का प्रलोभन देकर महिला का शारीरिक शोषण, आरोपी गिरफ्तार, गया जेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

थाना चक्रधरनगर में स्थानीय महिला द्वारा हरदीप सिंह शेरगिल निवासी नेतनागर, रायगढ़ के विरुद्ध शादी का प्रलोभन देकर शारीरिक शोषण करने के संबंध में आवेदन देकर रिपोर्ट दर्ज कराई।

पीड़िता बताई कि अक्टूबर 2022 में हरदीप का रिश्ता शादी के लिए आया हुआ थाए तभी से हरदीप पीछे पड़ गया। पीड़िता बताई कि वह रायगढ़ से राउलकेला गई तो वहां भी हरदीप पहुंच गया। जहां दोनों साथ में कुछ फोटो खिंचाएए इन फोटो को रिश्तेदारों को दिखाकर शादी कहीं और नहीं होने दूंगा कहकर धमकी देने लगा और अप्रैल 2024 में शादी का दबाव बनाकर चक्रधरनगर में किराया मकान लेकर पत्नी की तरह रखा। महिला बताई कि हरदीप को शादी के लिए कहने पर अब शादी से इंकार कर दोनों के फोटो, वीडियो वायरल करने की धमकी देता है। थाना प्रभारी चक्रधरनगर निरीक्षक प्रशांत राव आहेर द्वारा पीड़िता के आवेदन पर धारा 376, 506, 323 आईपीसी के तहत अपराध पंजीबद्ध कर पीड़िता का मेडिकल कराकर महिला विवेचक से पीड़िता का विस्तृत कथन कराया गया। साथ ही आरोपी के फरार होने की संभावना पर तत्काल दबिश देकर आरोपी हरदीप सिंह को हिरासत में लिया गया जिससे उसका मोबाइल की जब्ती कर आरोपी हरदीप सिंह शेरगिल पिता दलबीर सिंह शेरगिल उम्र 28 साल निवासी नेतनागर हाल मुकाम चक्रधरनगर जिला रायगढ़ को गिरफ्तारी के कारणों की जानकरी देकर रिमांड पर पेश किया गया। जहां से उसे जेल वारंट पर जेल भेजा गया है। आरोपित पतासाजी, गिरफ्तारी की कार्यवाही में थाना प्रभारी चक्रधर नगर निरीक्षक प्रशांत राव आहेर, सहायक उप निरीक्षक नंद कुमार सारथी एवं हमराह स्टाफ की विशेष भूमिका रही है।



## जांच में गड़बड़ी मिलने के बाद भी अवैध ईंट भट्ठे पर नहीं हो रही कार्रवाई

**पामगढ़**। पामगढ़ विकासखंड के ग्राम भुईगांव में 5 सालो से 10 एकड़ शासकीय गौचर भूमि पर अवैध रूप से कब्जा और बिना पर्यावरण प्रदूषण की एनोसी के चिमनी ईंट भट्ठे का संचालन किया जा रहा है। इसकी जांच भी हो चुकी है। जांच में गड़बड़ी पाए जाने के बाद भी अभी तक ईंट भट्ठा संचालक के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हो सकी है। दरसल, भुईगांव में गांव के युवकों ने अवैध रूप से चिमनी ईंट भट्ठा चलाए जाने को लेकर कलेक्टर और उप मुख्यमंत्री अरुण साव से शिकायत की थी। जिस पर कलेक्टर आकाश छिकारा ने जांच करने के निर्देश दिए। जिसमे पामगढ़ एसडीएम को जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करने को कहा गया था। कुछ माह पूर्व जांच टीम मौके पर पहुंची हुई थी इस दौरान ईंट भट्ठा संचालक से दस्तावेज प्रस्तुत करने कहा गया। जिसमे चिमनी ईंट भट्ठा संचालन को कोई वैध कागज नही होना और जिला प्रशासन के द्वारा किसी प्रकार की अनुमति नहीं होना, पर्यावरण प्रदूषण को लेकर किसी प्रकार की एनओसी नहीं होना पाया गया। वही 10 एकड़ शासकीय गौचर भूमि पर अवैध रूप से कब्जा कर ईंट बना कर रखा होना पाया गया जो की अवैध कब्जे की श्रेणी में आता है।

## पेयजल समस्या निराकरण हेतु मोबाइल नंबर जारी

**सारंगढ़**। कलेक्टर के निर्देश पर जिले के लोक यांत्रिकी विभाग द्वारा ग्रीष्म ऋतु को ध्यान में रखते हुए पेयजल समस्या के तुरंत निराकरण और सुचारू संचालन एवं संधारण हेतु जिला स्तर पर पेयजल नियंत्रण प्रकोष्ठ का दूरभाष 07768.233089 है। यह प्रकोष्ठ 30 जून 2024 तक के लिए प्रभावी है।

सारंगढ़ और बरमकेला नियंत्रण प्रकोष्ठ प्रभारी उप अभियंता के आर सूर्यवंशी नियुक्त हैंए जिनका मोबाइल नंबर 8602103054 है। इसी प्रकार सारंगढ़ और बरमकेला नियंत्रण प्रकोष्ठ के सहायक के लिए डाटा एंट्री ऑपरेटर इंद्रदेव साहू नियुक्त है जिनका मोबाइल नंबर 7000 182661 है। बिलाईगढ़ नियंत्रण प्रकोष्ठ प्रभारी के रूप में सहायक अभियंता मनोज दाकोड़े को नियुक्त किया गया है जिनका मोबाइल नंबर 8109200800 है। बिलाईगढ़ नियंत्रण प्रकोष्ठ के सहायक के रूप में डाटा एंट्री ऑपरेटर रविशंकर सोनी को नियुक्त किया गया है जिनका मोबाइल नंबर 7240951085 है। प्रकोष्ठ में पेयजल समस्या के निराकरण से संबंधित डाक एवं पत्राचार नियंत्रण प्रकोष्ठ सहायक द्वारा किया जाएगा। प्रकोष्ठ सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक कार्य करेगा। प्रकोष्ठ में प्राप्त शिकायतों के निराकरण हेतु एक रजिस्टर संधारित किया जाएगा, जिसे प्रतिदिन के प्राप्त शिकायतों का पूर्ण विवरण दर्ज होगा एवं संबंधित सहायक अभियंताओं उप अभियंताओं को शिकायत से अवगत कराएंगे एवं शिकायत का तिथिवार निराकरण संबंधी जानकारी का स्पष्ट उल्लेख रजिस्टर में होगा। जिला स्तर प्रखंड कार्यालय सारंगढ़.बिलाईगढ़ एवं प्रत्येक उपखंड एवं विकासखंड स्तर पर जनपद पंचायत मुख्यालय में शिकायत पंजी संधारित की जाएगी। शिकायत और सुझाव इन स्थानों पर दर्ज किया जा सकेगा।

## सूने घर का ताला तोड़कर नकदी व जेवर पार करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**जांजगीर-चांपा**। सुने घर का ताला तोड कर चोरी करने वाले आरोपी को अकलतरा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के कब्जे से 13 हजार रुपए नगदी और चांदी के जेवर बरामद किए गए है। इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बाना निवासी गंगोत्री बाई कंवर 22 मार्च को घर का ताला बंद कर अपनी भतीजीन रिद्धी कंवर के यहा चली गई थी। वह 23 मार्च की सुबह अपने घर लौटी तो सामने दरवाजा का ताला टूटा हुआ था। अंदर जाकर देखने पर पेटी मे नगदी रकम 22 हजार एवं चांदी के चैन एक नग एंव चांदी का साटी,सोना का लाकेट एक नग सोना का फुल्ली एक नग नथनी सोने का एक नग की चोरी हो गई थी। मामले की रिपोर्ट उसने अकलतरा थाने में दर्ज कराई। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 457, 380 कायम कर विवेचना में लिया। विवेचना दौरान मुखबीर से सूचना मिली कि घटना दिनांक को गांव के विजय कर्ष को प्रार्थिया के घर के आसपास घुमते देखा गया था जो घटना दिनांक से फरार है। संदेही की लगातार पतासाजी की जा रही थी। इसी दौरान मुखबीर से पता चला कि संदेही विजय कर्ष गांव मे आया है।

## सफलता का यह मुकाम मां के आशीर्वाद से मिला : ओपी चौधरी

# चौथी पढ़ी मां के दृढ़ विश्वास ने बनाया छत्तीशगढ़ का पहला आईएएस

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

विश्व मातृ दिवस के अवसर अपनी माँ कौशल्या की तस्वीर साझा करते हुए वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने मातृ शक्ति को नमन किया है। अपनी मां कौशल्या के लिए सोशल मंच में विचार साझा किए।

महज चौथी तक पढ़ाई करने वाली मां कौशल्या ने बड़े विजन के लिए प्रेरित किया। बाबूजी के निधन के बाद मिलने वाली अनुकंपा की सरकारी नौकरी के लिए मां ने मना किया और एक बड़े लक्ष्य के लिये प्रेरित किया। भावुक संदेश में ओपी ने कहा मेरे जीवन की हर सफलता के पीछे माँ के संघर्ष त्याग प्रेरणा और आशीर्वाद का योगदान है।अपने अपने बच्चो के लिए त्याग करने वाली हर माता का



सम्मान करते हुए ओपी ने मातृ दिवस पर दिए संदेश पर कहा धरती पर मौजूद प्रत्येक इंसान का अस्तित्व मां के कारण है । मां के जन्म देने के कारण मनुष्य धरती में आ पाया है। मां के स्नेह दुलार और संस्कारो से मनुष्य मानवता का गुण सीख पाता है । मनुष्य के हर विचार भाव के पीछे मां द्वारा रोपित किए गए संस्कार के बीज है ।जिसकी वजह से मनुष्य एक अच्छे इंसान की श्रेणी में आता है।मानव जीवन का आधार माँ को बताते हुए ओपी ने कहा मां के प्यार और त्याग के बिना जीवन प्रक्रिया अधूरी है। मां एक ऐसी शिक्षक है जो बिना पाठशाला के ही मनुष्य के जीवन को गढ़ सकती है। सृष्टि में सृजन की प्रक्रिया मां की कोख में पलती है। माँ के हृदय को प्रेम का अथाह सागर बताते हुए उन्होंने कहा त्याग की महासागर मां ममत्व का ब्रह्मांड है। जन्म के साथ शुरू होने वाला मां से रिश्ता जीवन भर मनुष्य का साथ निभाता है।

## मदर्स डे पर महिला को मिले दोनों गुम बालक

**रायगढ़**। 12 मई मदर्स डे के ठीक पहले कल 11 मई को जूटमिल पुलिस ने गुम बालक की रिपोर्ट पर गम्भीरतापूर्वक कार्यवाही करते हुए एक महिला को उसके दो गुम हुए बच्चे खोजकर सुपुर्द किया गया है। कल रात थाना जूटमिल में चमड़ा गोदाम क्षेत्र में रहने वाली महिला आकर टीआई मोहन भारद्वाज को बताई कि उसके दो लड़के 10 साल और 7 साल के घर से खेलने निकले थे जिनका आसपास पता नहीं चल रहा है। महिला की दशा देखकर थाना प्रभारी उसे दिलासा दिए और सूचना को गंभीरता से लेते हुए बिना विलंब किए हुए अपने स्टाफ और पेट्रोलिंग को ट्रांसपोर्ट नगर बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन और इलाके के मार्केट एरिया में गुम बच्चों की फोटो दिखाकर खोजबीन करने निर्देशित किए। पुलिस की फुर्ती रंग लाई दोनों बच्चे रेलवे स्टेशन के पास मिले जिन्हें पुलिस टीम थाना लेकर आयी, मासूम बच्चों ने खेलते खेलते मोहल्ले से काफी दूर भटक कर रेलवे स्टेशन की ओर चले जाना बताए। थाना प्रभारी ने दोनों बच्चों को उसके मां के सुपुर्द किया गया। गुम बालकों की मां ने जूटमिल पुलिस को तत्परता से बच्चों की खोजबीन के लिए धन्यवाद दी। जूटमिल पुलिस का मदर्स डे के पहले महिला को दिया गया सबसे बड़ा तोहफा था।



## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## 'लॉर्ड ऑफ द रिंग्स' फैंस के लिए खुशखबरी, काम करेंगे पीटर



'द लॉर्ड ऑफ द रिंग्स' के प्रशंसकों के लिए कुछ अच्छी खबर है। वार्नर ब्रदर्स लॉर्ड ऑफ द रिंग्स फिल्मों के एक नए बैच पर काम कर रहे हैं। पहली फिल्म, जिसका अस्थायी नाम 'लॉर्ड ऑफ द रिंग्सः द हंट फॉर गॉलम' है। वे इस फिल्म को साल 2026 में सिनेमाघरों में रिलीज करने की योजना बना रहे हैं। गॉलम के प्रशंसक उनके इर्द-गिर्द घूमती फिल्म मिलने की खबर से रोमांचित हैं।

रिपोर्ट्स के अनुसार, अब स्क्रिप्ट निर्माण के शुरुआती चरण में है। एंडी सर्किस निर्देशक पीटर जैक्सन के साथ इस फीचर में अभिनय और निर्देशन करने के लिए तैयार हैं। वार्नर ब्रदर्स डिस्कवरी के सीईओ डेविड जैस्लाव ने गुरुवार को कहा कि मूल 'द लॉर्ड ऑफ द रिंग्स' के फिल्म निर्माता पीटर जैक्सन और उनके साथी फ्रैन वॉल्श और फिलिपा बॉयन्स फिल्म का निर्माण कर रहे हैं और वे हर कदम पर उनके साथ शामिल होंगे। फ्रैन और फिलिपा पटकथा लिखेंगे, वहीं पीटर परियोजना का निर्माण करेंगे। अभी इस फ्रेंचाइजी में दो फिल्में बनने की उम्मीद है।

गुरुवार की सुबह वार्नर ब्रदर्स की एक प्रेस विज्ञप्ति में स्टूडियो ने खुलासा किया कि फिल्म का कार्यकारी शीर्षक 'लॉर्ड ऑफ द रिंग्सः द हंट फॉर गॉलम' है और इसका निर्देशन सर्किस द्वारा किया जाएगा और इसमें उनकी मुख्य भूमिका होगी। फिल्म का कार्यकारी निर्माण केन कमिंस द्वारा किया जाएगा, जिसमें सर्किस और द इमेजिनेरियम के जोनाथन कैवेंडिश शामिल होंगे। वहीं बात करें मूल फिल्म की तो 'द लॉर्ड ऑफ द रिंग्स' जेआरआर टॉल्किन की पुस्तक सीरीज पर आधारित एक फिल्म फ्रेंचाइजी है। पीटर के मूल देश न्यूजीलैंड में एक साथ तीन फिल्मों की शूटिंग हुई। 'द फेलोशिप ऑफ द रिंग' 2001 में रिलीज हुई, 'द टू टावर्सट 2002 में और ट' रिटर्न ऑफ द किंग' 2003 में रिलीज हुई। ये फिल्में 1999-2000 के बीच शूट की गई थीं। कई ऑस्कर जीतने वाली ये फिल्में बॉक्स ऑफिस पर सफल रहीं और सामूहिक रूप से 2.988 बिलियन डॉलर की कमाई की। अब दर्शकों को 2026 में एक बार फिल्म सिनेमाघरों में नई फिल्म का लुत्फ उठाने के मौका मिलेगा।

### टॉलीवुड

## पृथ्वीराज की 'गुरुवायूर अंबाला नदायिल' आ रही 16 मई को



सुपरस्टार पृथ्वीराज सुकुमारन की 'गुरुवायूर अंबाला नदायिल' 16 मई को रिलीज होने के लिए तैयार है। शुक्रवार को इसका ट्रेलर रिलीज किया गया था, जिसे फैंस काफी ज्यादा पसंद कर रहे हैं। इसका निर्देशन विपिन दास ने किया हैं, जो इससे पहले फिल्म 'जया जया जया जया हे' को डायरेक्ट कर चुके हैं। फिल्म का निर्माण ई4 एंटरटेनमेंट द्वारा किया गया है। 'गुरुवायूर अंबाला नदायिल' की कहानी दीपू प्रदीप ने लिखी है। पृथ्वीराज सुकुमारन के अलावा बेसिल जोसेफ, निखिला विमल, अनस्वरा राजन और जगदीश भी अभिनय करते नजर आएंगे। फिल्म की कहानी शादी पर केंद्रित है। यह एक पारिवारिक ड्रामा फिल्म है। पृथ्वीराज को उम्मीद है कि उनकी यह फिल्म भी अच्छा प्रदर्शन करेगी और लोग इसे पसंद करेंगे।

कुछ दिन पहले मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया था, पृथ्वीराज सुकुमारन और ममूटी जल्द ही एक फिल्म में नजर आएंगे। यह एक थ्रिलर फिल्म हो सकती है। इस खबर से दोनों के फैंस काफी ज्यादा उत्साहित नजर आए थे। रिपोर्ट्स में यह भी कहा गया था कि इस फिल्म को कोई नया निर्देशक बनाएगा।

### भोजपुरी

## आ रही है स्मृति सिन्हा की भोजपुरी फिल्म 'चटोरी बहू'



स्मृति सिन्हा जल्द ही 'चटोरी बहू' के किरदार में भोजपुरी फिल्म में धमाल मचाने आ रही हैं। बताया जा रहा है कि इस फिल्म की शूटिंग जौनपुर के बदलापुर शहर में हो रही है। इस फिल्म में जय यादव भी हैं । एक्ट्रेस ने कहा- फिलहाल फिल्म की शूटिंग के दौरान बेहद मजा आ रहा है। भोजपुरी सिने वर्ल्ड की बेहतरीन अदाकाराओं में से एक स्मृति सिन्हा जल्द ही 'चटोरी बहू' के किरदार में बड़े पर्दे पर नज़र आने वाली हैं। आधी आबादी और सामाजिक परिदृश्य की कहानी पर बनने वाली फिल्म में उनके साथ सुपर स्टार जय यादव भी प्रमुख भूमिका में हैं और इस फिल्म की शूटिंग इन दिनों जोर-शोर से चल रही है। फिल्म की शूटिंग जौनपुर के बदलापुर शहर में हो रही है। इस फिल्म के संदीप सिंह और नीलाभ तिवारी हैं और निर्देशक इश्तियाक़ शेख़ (बंटी) हैं। फिल्म में किरण यादव भी एक महत्वपूर्ण किरदार में होंगी।फिल्म को लेकर जय यादव ने कहा कि 'चटोरी बहू' शानदार स्क्रिप्ट पर बनने वाली फिल्म है। इस फिल्म की शूटिंग शुरू हो चुकी है और हम सभी इसको बेहद इंजॉय कर रहे हैं। मुझे इस फिल्म की कहानी ने पहली दफे में आकर्षित कर लिया था, जिसके बाद मैंने इसको करने का फैसला लिया था और आज यह फ्लोर पर है। इसकी बेहद ख़ुशी है। बस मैं अपने फैंस और दर्शकों से यही उम्मीद करूंगा कि वे हमारी फिल्म को रिलीज होने के बाद खूब प्यार और आशीर्वाद दें। इस फिल्म को लेकर स्मृति सिन्हा ने कहा कि घर -परिवार में अक्सर चटोरी बहू के किस्से सुनने को मिलते हैं। इस फिल्म का रेफरेंस कुछ इसी तरह से लिया गया है, लेकिन फिल्म की कहानी नायाब है।उन्होंने कहा, 'जय यादव एक अच्छे कलाकार हैं, उनके साथ हमारी जोड़ी दर्शकों को खूब भाएगी। मैं उम्मीद करती हूं कि फिल्म जब रिलीज होगी तब सबको को पसंद आएगी। मुझे तो फिलहाल फिल्म की शूटिंग के दौरान बेहद मजा आ रहा है।

## महासागरों के जीवों की चिंता

पेरिस में प्रख्यात डिजाइनर अलेक्जेंडर मैकक्वीन ने स्प्रिंग/समर शो के दौरान महासागरों के नीचे पानी की दुनिया पर ग्लोबल वार्मिंग के पड़ते असर पर दुनिया का ध्यान खींचा है। मैकक्वीन की मॉडल्स ₹सिंथेटिक ओशनर₹ नाम के इस संग्रह में ₹कारपेसर₹ नियोप्रीन पोशाकें पहनी हुई थी, जो पानी के नीचे के जीवों को बचाने का संदेश दे रही थीं।





लाइफ स्टाइल

## सिल्क साड़ी के साथ इन ब्लाउज को करें स्टाइल, लगेंगी खूबसूरत



फैशन

स्टाइलिश दिखना हर लड़की को पसंद होता है। इसके लिए हम अपने वार्डरोब को हमेशा अपडेट करते रहते हैं। एथनिक वियर की बात करें तो लड़कियों को सबसे ज्यादा साड़ी पहनना पसंद होता है। ये लुक एवरग्रीन होता है। लेकिन साड़ी में भी आपका लुक तभी परफेक्ट नजर आता है जब उसके साथ ब्लाउज डिजाइन अच्छा होता है। इसलिए अगर आप सिल्क साड़ी पहनने के बारे में सोच रही हैं तो इसके साथ आपको अपने ब्लाउज डिजाइन पर भी खास ध्यान देना चाहिए। तभी आप इसमें खूबसूरत नजर आएंगी। हालांकि आपको मार्केट में कई सारे रेडिमेड ब्लाउज मिल जाएंगे। लेकिन अगर आप इन डिजाइन को खुद बनवाकर स्टाइल करेंगी तो लुक परफेक्ट दिखाई देगा।



### पफ स्लीव्स ब्लाउज डिजाइन


आजकल पुराना ट्रेंड वापस आ रहा है ऐसे में आप भी इस ट्रेंड को ट्राई कर सकती हैं। इसके लिए सबसे बेस्ट है पफ स्लीव्स ब्लाउज। अगर आपकी बाजू हैवी है और आपको पसंद नहीं है कि वो ज्यादा हाईलाइट हो तो उन्हें छुपाने के लिए आप पफ स्लीव्स ब्लाउज डिजाइन को ट्राई कर सकती हैं। इसके लिए आपको नेक सिंपल डिजाइन का क्रिएट कराना होगा। इसके साथ स्लीव्स पर प्लेट्स बनाकर उसमें पफ क्रिएट कराना होगा। आप चाहे तो साड़ी से मेचिंग गोटा ब्लाउज की स्लीव्स में लगवा सकती हैं। लुक को और खूबसूरत बनाने के लिए आप इसके साथ बन हेयर स्टाइल बना सकती हैं और मेकअप को मैट रख सकती हैं।

### कट स्लीव्स ब्लाउज

अगर आप सिंपल ब्लाउज डिजाइन सिल्क साड़ी के साथ ट्राई करना चाहती हैं तो इसके लिए परफेक्ट डिजाइन है कट स्लीव्स ब्लाउज को ट्राई कर सकती हैं। इसके लिए आप चाहे तो आगे और पीछे के डिजाइन को डीप बनवा सकती हैं। इस तरीके के ब्लाउज के लिए आप मार्केट से प्रिंटेड या फिर प्लेन कपड़ा खरीदकर इन्हें डिजाइन करा सकती हैं। इस तरीके के ब्लाउज के साथ आप कानों में ईयर कफ या फिर झुमकियों को स्टाइल कर सकती हैं और बालों को ओपन रख सकती हैं।राउंड बैक ब्लाउज डिजाइन ब्लाउज सिलवाते वक्त जितना जरूरी आगे का डिजाइन होता है उतना ही जरूरी होता है पीछे के डिजाइन को क्रिएट कराना।

## चेहरे की खूबसूरती बढ़ाने के लिए इन टिप्स से करें आइब्रो को घना

चेहरे की खूबसूरती को बढ़ाती है आईब्रो। ऐसे में जरूरी है कि इन्हें घना करने के लिए हमें भी कुछ तरीकों को ट्राई करना चाहिए। हर एक महिला की आईब्रो की डेंसिटी अलग-अलग होती है। वहीं कुछ महिलाओं की आईब्रो कुछ ज्यादा ही घनी होती हैं, तो किसी की पतली। भले ही आपकी स्किन टोन कुछ भी हो लेकिन चेहरे का निखार तब बाहर आता है जब आईब्रो की शेप सही होती है। इसलिए महिलाएं अपनी आईब्रो को लेकर काफी सचेत रहती हैं। पार्लर में भी आइब्रो बनवाते हुए कई बार चीजों को बताती हैं। वहीं कुछ ऐसी होती हैं जो उन्हें घना करने के लिए मार्केट में मिलने वाले प्रोडक्ट का इस्तेमाल करती हैं। अगर आप चाहे तो इसके लिए घरेलू नुस्खों का इस्तेमाल कर सकती हैं। इससे आईब्रो घनी भी दिखाई देंगी साथ ही रंग भी गहरा हो जाएगी। इन घरेलू नुस्खों में किसी तरह का कोई भी केमिकल का इस्तेमाल नहीं किया जाता। इसलिए आपको कोई भी साइड इफेक्ट नहीं होगा। आप चाहे तो एक्सपर्ट की सलाह लेकर भी इसका इस्तेमाल कर सकती हैं।



### घनी आईब्रो के लिए इस्तेमाल करें एलोवेरा

हेल्थ, स्किन और बालों के लिए एलोवेरा का इस्तेमाल घर में किया जाता है। इसके इस्तेमाल की सलाह हमारी नानी और दादी भी देती हैं। एलोवेरा जेल में एंटीऑक्सीडेंट्स जैसे पोषक तत्व पाए जाते हैं। बालों की ग्रोथ के लिए काफी अच्छा होता है।

### इस तरह करें एलोवेरा इस्तेमाल

इसके इस्तेमाल के लिए सबसे पहले एक कटोरी में एलोवेरा जेल लें। फिर इसे अपनी आईब्रो (आईब्रो के लिए तेल का इस्तेमाल) में लगाकर अच्छे से मसाज करें। इसे दिन में बार अपनी आइब्रो पर लगाएं और अच्छे से मसाज करें। इसके इस्तेमाल से आइब्रो की ग्रोथ जल्दी ही बढ़ने लगेगी। आप चाहे तो एलोवेरा के साथ ऑलिव ऑयल का भी इस्तेमाल कर सकती हैं।

### घनी आईब्रो के लिए करें प्याज के रस का इस्तेमाल

जैसे ही घने और मजबूत बालों के लिए हम प्याज के रस का इस्तेमाल करते हैं वैसे ही हम आईब्रो (आईलैशेज के लिए अपनाएं ये घरेलू नुस्खे) के लिए भी इसका इस्तेमाल कर सकती हैं।

इससे आईब्रो के बाल घने हो जाएंगे और गहरे नजर आएंगे।

## छोटे चेहरे पर खूब जचेंगे इयररिंग्स के ये खूबसूरत डिजाइंस, अपनाएं

स्टाइलिश दिखने के लिए हम अपने लुक में तरह-तरह के बदलाव करते हैं। वहीं आउटफिट को चुनने के बाद बारी आती है स्टाइलिंग करने की। बता दें कि स्टाइलिंग करने के लिए ज्वेलरी चुनना बेहद अहम होता है और इसके लिए आपको अपने आउटफिट के साथ-साथ फेस शेप का भी मालूम होना जरूरी होता है। चेहरे के आकार के हिसाब से इयररिंग्स चुनने से आपके फेस स्ट्रक्चर पर डिजाइन खूबसूरत नजर आता है, लेकिन इस तरह की जानकारी हम सभी को नहीं होती है। खासकर छोटे आकार के चेहरे वालों को अपने लिए परफेक्ट इयररिंग्स चुनने में काफी परेशानी होती है। इसलिए आज हम आपको दिखाने वाले हैं इयररिंग्स के कुछ ऐसे डिजाइंस जो खासकर छोटे आकार के चेहरे पर खूबसूरत नजर आयेंगे। साथ ही बताएंगे इन इयररिंग्स को स्टाइल करने के आसान टिप्स ताकि आपका लुक आकर्षक नजर आए।

### हूप इयररिंग डिजाइन

हूप में आपको कई डिजाइन और साइज देखने को नजर आ जाएंगे, लेकिन अगर आपका चेहरा छोटा है तो आप चौड़े और छोटे साइज के हूप इयररिंग्स को स्टाइल कर सकती हैं। इसमें आपको



प्लान हूप से लेकर स्टोन और कलरफुल में भी कई डिजाइन देखने को मिल जाएंगे।

### झुमकी इयररिंग डिजाइन

आजकल आपको मार्केट में हर साइज और वजन की झुमकी मिल जाएंगी। वहीं अगर आपका चेहरा छोटा है तो आप डॉम डिजाइन की झुमकी को स्टाइल कर सकती हैं। इसके अलावा आप किसी भी तरह के छोटे साइज और बारीक डिजाइन वाली झुमकी इयररिंग्स को स्टाइल कर सकती हैं।

## दिखना है स्टाइलिश तो इन आउटफिट के साथ पहनें पर्ल ज्वेलरी, होगी तारीफ

जब भी ज्वेलरी की बात आती है तो इन्हें ट्राई करने के लिए महिलाएं हमेशा रेडी रहती हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि हम चाहते हैं कि जो भी हम स्टाइल करें उसमें खूबसूरत नजर आएं। इसके लिए अलग-अलग ज्वेलरी शॉपिंग भी हम करते हैं। लेकिन कई बार ऐसा होता है कि एक जैसी ज्वेलरी पहनकर हम बोर हो जाते हैं। ऐसे में आप पर्ल ज्वेलरी को स्टाइल कर सकती हैं। ये दिखने में काफी रॉयल लगती है साथ ही इसमें आपको अलग-अलग ऑप्शन मिल जाते हैं।

### पर्ल ज्वेलरी सेट

अगर आपको ज्वेलरी डिजाइन में कुछ नया ट्राई करने का मन है तो ऐसे में आप पर्ल ज्वेलरी सेट को स्टाइल कर सकती हैं। इसमें आपको कई सारे ऑप्शन मिल जाएंगे। जैसे- लेयर पर्ल ज्वेलरी, सिंगल लेयर पर्ल ज्वेलरी और हैवी पर्ल ज्वेलरी सेट। इन्हें आप अलग-अलग तरह के आउटफिट के साथ स्टाइल कर सकती हैं। इस तरीके सेट इंडियन और वेस्टर्न दोनों तरह की ड्रेस के साथ अच्छे लगते हैं। मार्केट में इस तरीके के डिजाइन आपको 500 से 1000 की रेंज में मिल जाएंगे।



### पर्ल इयररिंग्स

मार्केट नें आपको कई सारे इयररिंग्स के डिजाइन मिल जाएंगे। जिन्हें आप आउटफिट के हिसाब से स्टाइल कर सकती हैं। इसमें आपको लॉन्ग लेयर वाले इयररिंग्स (ऑफिस वियर के लिए इयररिंग्स) और स्टड वाले इयररिंग मिल जाएंगे। जिन्हें आप स्टाइल कर सकती हैं। इसमें आपको अलग-अलग कलर भी मिल जाएंगे। इस तरीके के डिजाइन वाले इयररिंग्स को आप किसी भी आउटफिट के साथ वियर कर सकती हैं। ये दिखने में काफी क्लासी लगते हैं। और स्टाइल करने में भी इजी होते हैं। अगर आपको हाथों में अलग-अलग तरह की एक्सेसरीज पहनना पसंद है तो इसके लिए आप पर्ल ब्रेसलेट (ब्रेसलेट डिजाइन) के अलग-अलग डिजाइन को ट्राई कर सकती हैं।

कार्नर न्यूज

**घर में मौजूद पुराने कपड़ों को लोग अक्सर फेंक देते हैं, जो गलत है**

## फटे-पुराने कपड़ों को फेंके नहीं, घर सजाने के लिए ऐसे करें इस्तेमाल

घर में मौजूद पुराने कपड़ों को लोग अक्सर फेंक देते हैं, जो गलत है। आप घर की सजावट जैसे कामों के लिए पुराने कपड़े इस्तेमाल कर सकते हैं। आजकल कोई भी कपड़ा खरीदना हो उसकी कीमत बहुत ज्यादा होती है। यही कारण है कि फटे और पुराने कपड़ों को फेंकते वक्त लोगों को बहुत दुख होता है। पुराने कपड़ों का फेंकना गलत भी है, क्योंकि आप उन्हें घर के अलग-अलग कामों के लिए यूज कर सकते हैं। आइए जानते हैं कि कैसे आप पुराने कपड़ों से घर को खूबसूरत लुक दे सकते हैं।



### पुराने कपड़ों से बनाएं शोपीस

घर पर मौजूद पुराने कपड़ों से आप शोपीस तैयार कर सकते हैं। शोपीस बनाने के लिए आपको चाहिए एक खाली बोतल। बोतल को ऊपर से काट दें, ताकी उसका मुंह बड़ा हो जाए। अब बोतल को किसी कपड़े से कवर करें और अलग-अलग रंग के कपड़ों को काटकर फूल जैसे डिजाइन बनाकर बोतल पर लगाएं। आप बोतल पर घर में मौजूद एक्स्ट्रा बटन और स्टोन भी लगा सकते हैं। इस डेकोरेटेड बोतल को आप फ्लावर पॉट या पेन स्टैंड की तरह यूज कर सकते हैं।

### खराब कपड़ों से बनाएं कुशन कवर

खराब कपड़ों से आप कुशन कवर भी बना सकते हैं। जैसे शर्ट और लांग सकर्ट को बराबर काट कर और चारों तरफ से सिलकर आप कुशन का कवर तैयार कर सकते हैं। वहीं, अगर आपके पास कुशन कवर है, तो आप शर्ट के बटन आदी लगाकर कुशन के कवर को सजा सकते हैं।

### पुराने कपड़ों से बनाएं वॉशिंग मशीन का कवर

घर में रखी वॉशिंग मशीन अच्छी नहीं लगती है। ऐसे में आप पुराने कपड़ों से वॉशिंग मशीन कवर बना सकते हैं। वाशिंग मशीन का कवर चूहों की समस्या से भी वॉशिंग मशीन को सुरक्षित रखता है।



### पुराने कपड़ों से दरवाजों को सजाएं

इन सभी टिप्स के अलावा आप घर के दरवाजों के हैंडल को खास लुक देने के लिए भी पुराने कपड़ों को यूज कर सकते हैं। हैंडल का कवर बनाने से दरवाजा साफ भी रहेगा और थोड़ा अलग भी दिखेगा।



## 'द एंटरटेनर्स टूर' की हो चुकी है तैयारी, अक्षय करेंगे मेजबानी

**मुंबई।** बॉलीवुड स्टार अक्षय कुमार 'द एंटरटेनर्स टूर' की मेजबानी करेंगे, जो इस साल ऑस्ट्रेलिया में आयोजित होगा और इसमें शोबिज की दुनिया की कई अन्य हस्तियां शामिल होंगी। पिछला सीजन 2023 में उत्तरी अमेरिका में हुआ था। इस साल यह अगस्त 2024 में ऑस्ट्रेलिया में आयोजित किया जाएगा। वर्ल्ड टूर का दूसरा सीजन मेलबर्न और सिडनी में होगा। अक्षय के साथ नोरा फतेही, दिशा पटानी, सुनील ग्रोवर, एलनाज नोरौजी, सोनम बाजवा और स्टेबिन बेन जैसी हस्तियां शामिल होंगी। वर्कफ्रंट की बात करें तो अक्षय की हाल ही में टाइगर श्रॉफ के साथ 'बड़े मियां छोटे मियां' रिलीज हुई थी, जिसे दर्शकों ने काफी पसंद किया। वह जल्द ही 'सरफिरा', 'जॉली एलएलबी 3', 'हाउसफुल 5' और 'वेलकम टू द जंगल' में नजर आएंगे।

लाइफ Style



# करीना कानूनी पचड़े में फंसी

एजेंसी ⏭ मुंबई

जानकारी के मुताबिक, बॉलीवुड एक्ट्रेस करीना कपूर खान की मुश्किलें बढ़ सकती है। हाईकोर्ट ने करीना को नोटिस जारी किया है। उनकी किताब के टाइटल को लेकर आरोप लगाए गए हैं कि एक्ट्रेस ने किताब के नाम में 'बाइबल' शब्द का इस्तेमाल कर ईसाई समाज की धार्मिक भावनाओं को आहत किया है।

एक्ट्रेस ने जुलाई 2021 में अपनी किताब 'करीना कपूर खान्स प्रेग्नेंसी बाइबल' को लॉन्च किया था। अब इस किताब के नाम को लेकर वो कानूनी पचड़े में फंस गई हैं। एक वकील ने किताब के टाइटल में 'बाइबल' शब्द का इस्तेमाल करने पर आपत्ति जताई और एक्ट्रेस के खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका दायर की है। ऐसे में करीना को कोर्ट से नोटिस भेजा गया है। जबलपुर सिविल लाइन निवासी क्रिस्टोफर एंथोनी ने हाईकोर्ट में करीना कपूर खान के खिलाफ मामला दायर कर उनपर आपराधिक मुकदमा दर्ज कराने की मांग की है।

क्रिस्टोफर एंथोनी ने अपनी याचिका में आरोप लगाया है कि करीना कपूर खान ने सस्ती लोकप्रियता हासिल करने की मंशा से किताब को लिखा है। किताब के कवर पर 'बाइबल' शब्द का इस्तेमाल आपत्तिजनक है। एंथोनी की याचिका के बाद जस्टिस गुरपाल सिंह अहलूवालिया की सिंगल-जज बेंच ने करीना कपूर खान को नोटिस भेज दिया है। याचिका में किताब एंथोनी ने इस किताब पर बैन लगाने की मांग भी की है। ऐसे में कोर्ट ने किताब बेचने वाले सेलर्स को भी नोटिस भेजा गया है। बताया जा रहा है कि 1 जुलाई को मामले की अगली सुनवाई होना संभावित है।

## हॉलीवुड मसाला



## मोहम्मद रसूलोफ को लगा तगड़ा झटका

**लॉस एंजिलिस।** असंतुष्ट ईरानी निर्देशक मोहम्मद रसूलोफ को ईरानी अदालत ने आठ साल की जेल की सजा के साथ-साथ जुर्माना, उनकी संपत्ति जब्त करने और कोड़े मारने की सजा सुनाई है। रसूलोफ के वकील बाबाक पकनिया ने एक पोस्ट में इसकी जानकारी दी। पकनिया ने कहा कि फैसला इस्लामिक रिवोल्यूशन कोर्ट की 29वीं शाखा द्वारा जारी किया गया था और आइना कोर्ट ऑफ अपील्स की 36वीं शाखा में इसकी पुष्टि की गई थी। कनिया के अनुसार, अदालत ने पाया कि रसूलोफ के सार्वजनिक बयान, साथ ही उनकी फिल्में और वृत्तचित्र देश की सुरक्षा के खिलाफ अपराध करने के इरादे से मिलीभगत के उदाहरण थे।



## एकेडमी म्यूजियम मनाएगा भारतीय सिनेमा के संगीत का जश्न

**लांस एंजिलिस।** एकेडमी म्यूजियम ऑफ मोशन पिक्चर्स भारतीय सिनेमा और उसके संगीत की जीवंत दुनिया का जश्न मनाने के लिए पूरी तरह तैयार है। इसके लिए तीन भारतीय फिल्मों 'आरआरआर' (2022), 'स्लमडॉग मिलेनियर' (2008), और 'लगान' (2001) को चुना गया है। कला, विज्ञान और फिल्म निर्माण के कलाकारों को समर्पित एकेडमी म्यूजियम ऑफ मोशन पिक्चर्स भारतीय सिनेमा और उसके संगीत की जीवंत दुनिया का जश्न मनाने के लिए पूरी तरह तैयार है। एकेडमी म्यूजियम ने अपने नवीनतम इंस्टाग्राम पोस्ट में, 'आरआरआर' (2022), 'स्लमडॉग मिलेनियर' (2008), और 'लगान' (2001) की संगीत महारत का जश्न मनाने वाले एक कार्यक्रम की घोषणा की। इस एलान ने संगीत प्रेमियों के उत्साह को काफी ज्यादा बढ़ा दिया है।



## 7 घंटे तक एक ही जगह बैठी रहीं एक्ट्रेस


**नई दिल्ली।** मनीषा कोराइला ने अपने करियर की शुरुआत साल 1991 में आई फिल्म 'सौदागर' से की थी। करियर की पहली ही फिल्म में उन्होंने अपने टैलेंट और अपनी खूबसूरती से लोगों का दिल जीत लिया था। इन दिनों वह भंसाली की सीरीज हीरामंडी में मल्लिका जान की भूमिका में नजर आ रही हैं। इस रोल के लिए एक्ट्रेस ने जी तोड़ मेहनत की है।उन्होंने बताया कि सीरीज के एक सीन के लिए जिसमें उन्होंने हाथों में मेहंदी लगाई हुई है। इस एक सीन के लिए वह सात घंटे तक एक ही जगह बिना हिले बैठी रही थी। क्योंकि वह इस सीन परफेक्ट करना चाहती थीं और उस किरदार के बारे में जानना चाहती थीं और उसे समझना चाहती थी। मनीषा ने कहा कि इस फिल्म की शूटिंग के दौरान तो मैं समझ ही नहीं पा रही थीं कि क्या मैं इतने घंटे तक काम कर पाऊंगी।



## मन से ऐसे निकला गरीबी का डर

**नई दिल्ली।** अनुपम खेर ने बताया कि वह गरीब परिवार से थे। छोटे से कमरे में 14 लोग रहते थे। उस वक्त उनके दादाजी ने गरीबी के बारे में कुछ ऐसा बताया कि अनुपम के मन से सारे डर दूर हो गए। अनुपम खेर को इस इंडस्ट्री में 40 साल हो गए हैं। फिल्मों में अपनी जगह बनाने के लिए उन्होंने काफी संघर्ष किया। वह एक साधारण और सीमित आय वाले परिवार से थे। एक इंटरव्यू के दौरान उन्होंने बताया कि जब वह गरीबी के दिन गुजार रहे थे तो उनके दादाजी ने क्या सीख दी थी। अनुपम खेर उसे आज भी नहीं भूले हैं। अनुपम खेर ने एक बातचीत में जिंदगी के कई उतार-चढ़ावों पर बात की। उन्होंने बताया कि अपने मन से गरीबी का डर कैसे दूर निकाला। अनुपम खेर बोले, मेरे दादाजी पंडित अमरनाथजी ने मेरे जहन से गरीबी का डर निकाल दिया था। छोटे से कमरे में हम 14 लोग रहते थे।

## टीवी मसाला



### टीवी एक्ट्रेस का प्राइवेट वीडियो लीक

**नई दिल्ली।** सोशल मीडिया के दौर में आए दिन सेलेब्स की प्राइवेट पिक्चर्स और फोटोज लीक होती रहती हैं, जो कि एक गंभीर मुद्दा है। वहीं, अब कन्नड़ इंडस्ट्री की जानी-मानी एक्ट्रेस ज्योति रॉय को लेकर भी ऐसी खबर सामने आ रही है। इंटरनेट पर साउथ एक्ट्रेस का इंटीमेट वीडियो वायरल हो गया है, जिससे उनके फैन्स काफी गुस्से में हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक, एक यूजर्स द्वारा एक्ट्रेस के कई वीडियोज और प्राइवेट फोटोज सोशल मीडिया पर वायरल की गईं। इसके बाद अनजान शख्स ने एक्ट्रेस से ये भी कहा कि वो उनका वीडियो यूट्यूब पर अपलोड कर देगा। एक पॉपुलर और सम्मानित एक्ट्रेस के साथ ऐसा होता देख कर उनके फैन्स काफी अपसेट नजर आ रहे हैं। फैन्स ने उन लोगों के खिलाफ एक्शन की मांग की है, जिन्होंने एक्ट्रेस की प्राइवेसी भंग करने की कोशिश की है। कुछ लोगों सोशल मीडिया पर बेंगलुरू पुलिस को टैग करते हुए जल्द से जल्द केस की जांच की मांग कर रहे हैं। ज्योति रॉय कन्नड़ इंडस्ट्री का पॉपुलर नाम हैं। एक्ट्रेस ने करियर की शुरुआत फिल्मों से की थी, लेकिन फिर कुछ समय बाद उन्होंने टीवी इंडस्ट्री की ओर कदम बढ़ाया। अब तक के एक्टिंग करियर में वो 20 से ज्यादा शोज में काम कर चुकी हैं। उन्हें अपने फेमस कैरेक्टर बंदे बारतवा काला के लिये जाना जाता है। इसके अलावा उन्होंने सीतारामा कल्याणा, गंधादा गुड़ी, 99 और दीया वर्णपतला जैसी फिल्मों में भी काम किया है।

### छोटे पर्दे पर वापसी को तैयार हैं राज अनादकट

**नई दिल्ली।** तारक मेहता का उल्टा चश्मा में टप्पू के किरदार से घर-घर में मशहूर हुए अभिनेता राज अनादकट बीते दो साल से छोटे पर्दे से दूर चल रहे थे। हालांकि, अब उन्होंने फैंस को खुशखबरी देते हुए बताया है



कि वे जल्द ही टीवी की दुनिया में वापसी करने जा रहे हैं। अभिनेता ने हाल ही में अपने एक यूट्यूब व्लॉग में खुलासा किया कि वे जल्द ही एक नए शो में नजर आन वाले हैं। इसमें उनके साथ सना अमीन शेख भी दिखेंगी। हाल ही में एक बातचीत में उन्होंने आगामी गुजराती शो के लिए पर बात करते हुए बताया कि इस शो में वे मुख्य किरदार निभाने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि वे इस शो के लिए उत्साहित होने के साथ ही थोड़ा घबराए हुए भी हैं। उन्होंने जानकारी दी है कि वे आगामी शो के सेट पर भी गए थे और जल्द ही अपने व्लॉग पर इसकी एक झलक साझा करेंगे। उन्होंने लोगों से वैसा ही समर्थन देने की अपील की जैसा उन्हें टप्पू के रोल में मिला था।

क्रांति फिल्म ने तोड़ दिया था शोले का रिकॉर्ड

## फिल्म बनाने के लिए बेच दिया था घर और जमीन



**नई दिल्ली।** कई सालों से जब भी किसी देशभक्ति फिल्म का नाम लिया जाता है तो सबसे पहले जिस एक्टर का नाम आता है वो हैं मनोज कुमार। मनोज कुमार ने शहीद, पूरब और पश्चिम जैसी कई शानदार फिल्में दी हैं। आज भी स्वतंत्रता दिवस और गणतंत्र दिवस पर मनोज कुमार की पूरब और पश्चिम किसी ना किसी चैनल पर आती हुई आपको दिख जाएगी। लोग उसे आज भी बहुत ही खुशी से देखते हैं। मनोज ने भारत में अपनी इमेज भारत कुमार के नाम से बना ली थी। लेकिन मनोज कुमार की सबसे करीबी प्रोजेक्ट 1981 में आया, जब उन्होंने क्रांति एक पीरियड एक्शन ड्रामा बनाना शुरू की। ये फिल्म तो हिट रही थी, लेकिन इसे बनाने के लिए उनका घर और जमीन सब बिक गई थी।

क्रांति को मनोज कुमार ने डायरेक्ट किया था। इस फिल्म का बजट बहुत ज्यादा था। ये फिल्म करीब 3 करोड़ में बनकर तैयार हुई थी। उस समय के हिसाब से 3 करोड़ की रकम बहुत ज्यादा है। जब इस फिल्म की शूटिंग शुरू हुई तो फाइनेंसर और प्रोड्यूसर्स पीछे हट गए थे, जिसके बाद मनोज कुमार के पास कोई ऑप्शन नहीं बचा था। उन्हें खुद फिल्म को प्रोड्यूस करना पड़ा था।

मनोज कुमार फिल्म के लिए पैसा अरेंज करने में बहुत परेशान हो गए थे। उन्होंने फिल्म के लिए अपना दिल्ली वाला बंगला बेच दिया था। जब उस पैसे से भी काम नहीं बना तो मुंबई में अपने प्लॉट को भी बेच दिया था। रिपोर्ट्स की माने तो मनोज कुमार ने रिटायरमेंट के बाद मूवी थिएटर बनाने का प्लान किया था, लेकिन क्रांति के लिए उन्होंने अपना सपना छोड़ दिया था। इस फिल्म में खुद मनोज कुमार, दिलीप कुमार, शशि कपूर, शत्रुघ्न सिन्हा, हेमा मालिनी और परवीन बाबी अहम किरदार निभाते नजर आए थे. ये फिल्म फरवरी 1981 में रिलीज हुई थी। क्रांति फिल्म रिलीज होने से पहले सेंसेशन बनी हुई थी। इस फिल्म से दिलीप कुमार पांच साल बाद वापसी कर रहे थे। इस फिल्म की शानदार ओपनिंग हुई थी और सक्सेसफुल हुई थी। क्रांति ने इंडिया में 10 करोड़ और वर्ल्डवाइड 16 करोड़ का कलेक्शन किया था। क्रांति ने शोले का रिकॉर्ड भी तोड़ दिया था।



## क्रिकेटर की पत्नी बनीं और छोड़ी इंडस्ट्री, चौपट हुआ एक्टिंग करियर

**मुंबई।** पर्दे पर 'प्रीति सभरवाल' बन लोगों के दिलों पर छा जाने वालीं एक्ट्रेस सागरिका घाटगे अब क्रिकेटर जहीर खान के दिल पर राज कर रही हैं। क्रिकेटर की पत्नी बनने के बाद उन्होंने इंडस्ट्री को अलविदा कह दिया। कहा गया गैरधर्म में शादी की वजह से उनका करियर चौपट हो गया है। एक्ट्रेस ने इस मामले पर अब सालों बाद चुप्पी तोड़ी है बॉलीवुड और क्रिकेट इंडस्ट्री का नाता नया नहीं है। बॉलीवुड की कई एक्ट्रेसेस हैं, जिन्होंने क्रिकेटर्स में अपने प्यार की तलाश की और उन्हें अपना हमसफर भी चुना। गीता बसरा, अनुष्का शर्मा, अथिया शेट्टी, हेजल कीच सहित कई एक्ट्रेसेज हैं, जिन्होंने किसी एक्टर से नहीं, बल्कि क्रिकेटर से शादी रचाई है। लेकिन 38 साल की सागरिका घाटगे ने अपनी पहली फिल्म को करने के बाद ही इंडस्ट्री से विदा ले लिया था। साल 2017 में सागरिका घाटगे ने क्रिकेटर जहीर खान से शादी की थी और शादी के बाद उन्होंने फिल्मी दुनिया से दूरी बना ली। 2020 के बाद वह किसी प्रोजेक्ट्स में नजर नहीं आई हैं। तब दावा ये किया गया कि उन्होंने पति की वजह से ये दूरी बनाई है। शादी के 7 साल बाद उन्होंने इन मामले बात की। उन्होंने कहा, मुझे मेरे पति ने काम के लिए कभी नहीं रोका। ये पूरी तरह से गलत बात है। वह बहुत सपोर्टिव हैं। मैं जो भी करती हूं उसमें वो मेरा हमेशा बेस्ट चाहते हैं। सच तो ये है कि वो मेरे सबसे बड़े चीयरलीडर हैं। उन्होंने कहा कि शादी के वजह से नहीं, बल्कि सच्चाई ये है कि उन्होंने काम के लिए मुझे हमेशा मोटिवेट किया है।

### अब संभाल रही हैं बिजनेस

*जहीर खान की खूबियां गिनाते हुए उन्होंने कहा कि वह ऐसे इंसान हैं, जो निगेटिव विचारों को बदल देते हैं। उन्होंने कहा कि वह फिल्मों को भले छोड़ चुकी हों, लेकिन काम करना उन्होंने नहीं छोड़ा है। उन्होंने बताया कि वह अब अपना बिजनेस संभाल रही हैं।*

# बॉलीवुड में साउथ की इन ब्लॉकबस्टर फिल्मों के बन सकते हैं रीमेक

## अक्षय कुमार- अजय देवगन जैसे स्टार दिखा सकते हैं कमाल

*मुंबई। पिछले कुछ समय में बॉलीवुड में कई साउथ इंडियन फिल्मों के रीमेक ने बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचाया है। दमदार कंटेट, नया फिल्म निर्माण और यादगार किरदारों से शुरू होकर, दक्षिण सिनेमा एक खजाना रहा है। पिछले कुछ सालों में साउथ की कई फिल्मों ने पूरे भारत और उसके बाहर के दर्शकों का ध्यान खींचा है, और फिल्म इंडस्ट्री पर अमिट छाप छोड़ी है। वैसे भी बॉलीवुड की ख्वाहिश हमेशा ही साउथ सिनेमा की फिल्मों को हिंदी बनाने में होती है। बहरहाल, यहां हम उन्हीं फिल्मों के बारे में बात कर रहे हैं जिनके बॉलीवुड में रीमेक बन सकते हैं। यहां उन साउथ इंडियन फिल्मों की क्यूरेटेड लिस्ट है।*

### जेलर



तमिल ड्रामा में रजनीकांत एक कठोर लेकिन दयालु जेलर की मुख्य भूमिका में हैं, जो एक गिरोह को रोकने के लिए निकलते हैं जब वे अपने नेता से भागने की कोशिश करते हैं। अगर इस ब्लॉकबस्टर ड्रामा को बॉलीवुड में दोबारा बनाया जाए तो यह सस्पेंस और थ्रिलर के तत्वों के साथ एक सीरियस क्राइम ड्रामा हो सकता है। हालांकि, दिलचस्प बात यह है कि संजय दत्त को रजनीकांत की जगह पर कदम रखते हुए देखा जाएगा जबकि सिद्धांत चतुर्वेदी उनके बेटे की भूमिका निभा सकते हैं। फिल्म की कहानी एक सख्त और सिद्धांतवादी जेलर के जीवन के इर्द-गिर्द घूम सकती है जो खुद को जेल सिस्टम के भीतर भ्रष्टाचार, सत्ता संघर्ष और नैतिक दुविधाओं के जटिल जाल में उलझा हुआ पाता है।



### लियो

लोकेश कनगराज द्वारा निर्देशित 'लियो' को लोकेश सिनेमैटिक यूनिवर्स कहा जाता है, जिसमें थलपति विजय, तृषा कृष्णन और अर्जुन सरजा मुख्य भूमिकाओं में हैं। अब अगर फिल्म को बॉलीवुड में जगह मिल गई तो क्या होगा? कहानी में अपनी गहराई और आयाम जोड़ते हुए, विजय के रूप में मुख्य भूमिका के लिए अक्षय कुमार, तृषा के रूप में करीना कपूर और अर्जुन सरजा के रूप में जावेद जाफरी सही ऑप्शन हो सकते हैं।

### पुष्पा

अल्लू अर्जुन की मुख्य भूमिका वाली यह फिल्म सिर्फ दक्षिण में ही लोकप्रिय नहीं है। यदि 'पुष्पा' को बॉलीवुड में दोबारा बनाया जाता है, तो किसी भी स्टार के बारे में अनुमान लगाने से बच नहीं सकता है जो उनके किरदार के साथ न्याय कर सके। रणवीर सिंह एक ऐसे अभिनेता हैं जो किरदार में अपना अलग स्वभाव ला सकते हैं। रश्मिका मंदाना का किरदार कियारा आडवाणी पर सूट करेगा।





### कंतारा

ऋषभ शेट्टी की ये फिल्म दक्षिण कन्नड़ के काल्पनिक गांव पर आधारित एक कहानी है जो मनुष्य और प्रकृति के बीच वैचारिक संघर्ष को दर्शाती है। फिल्म में देश की परंपरा और संस्कृति में अहंकार की लड़ाई घूमती रहती है। 'कंतारा' के बॉलीवुड रीमेक को लेकर चर्चा जारी है, ऐसे में फिल्म की कास्टिंग के बारे में जानना दिलचस्प होगा। अजय देवगन, जिन्होंने पहले 'दृश्यम' और 'सिंघम' जैसी विभिन्न दक्षिण सिनेमा रीमेक में मुख्य भूमिका निभाई है, 'कांतारा' में भी लीड अभिनेता के रूप में एक अच्छे विकल्प होंगे।

## खबर संक्षेप

### विद्यार्थियों ने दसवीं बोर्ड में प्राप्त किए सर्वाधिक अंक

**सारंगढ़।** जिला शिक्षा अधिकारी एस एन भगत ने दसवीं बोर्ड परीक्षा में सर्वाधिक अंक पाने वाले छात्र छात्राओं की सूची जारी किया है। इस सूची में और नाम जुड़ सकते हैं। जिले के शासकीय और निजी स्कूलों से अब तक प्राप्त जानकारी अनुसार संत थॉमस इंग्लिश मीडियम स्कूल बाबाकुटी सारंगढ़ की छात्रा निशा पटेल ने दसवीं बोर्ड में 96 प्रतिशत अंक से जिले में प्रथम स्थान प्राप्त की है। इसी प्रकार शासकीय हायर सेकेंडरी बालक स्कूल सरिया के मनीष चौहान ने 95.17 प्रतिशत से द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। स्वामी आत्मानंद स्कूल भटगांव की छात्रा आलिया पटेल ने 94.83 प्रतिशत से तृतीय स्थान प्राप्त की है। इसी प्रकार शासकीय हाईस्कूल पोरथ के विमल प्रधान ने 94.67 प्रतिशत अंक से चतुर्थ स्थान प्राप्त किया है। जिले में दसवीं के प्रावीण्य सूची में 94.50 प्रतिशत से 90 प्रतिशत अंक जिन विद्यार्थी ने अर्जित किए, उनमें ज्योति पटेल, पायल सिदार, दीक्षा जायसवाल, अनुराग कुर्रे, तेजस्वी मैत्री, गीतेश पटेल, जूली देवांगन, गायत्री प्रधान, माही राठिया, सिद्धांत मालाकार, प्रीतम यादव, स्नेहा प्रधान, सोनम पटेल, वर्षा कुर्रे, ओमकार चौधरी, हेमलता सिदार, देवेश, वेदांत्तर साहू, आरोही गोस्वामी, गौरी बारिहा, भावेश चतुर्वेदी, भूमिका, तुलसी साहू, जयप्रकाश लक्ष्मे, निशा साहू, शैलेंद्र बघेल,गोपाल पटेल, निर्मल कुमार पैकरा, मीनाक्षी माली, गीतु, किरण नायक, सुनाक्षी प्रधान, शिवानी बघेल, समीर कंवर, ममता सिदार और श्रुति चौहान शामिल है।

### बच्चे के जन्म में दाई मां की भूमिका अहम



**पुसौर।** जब हास्पिटल की सुविधाए नहीं होती थी, उपचार के लिए कोई निर्धारित वैद्य अथवा डाक्टर नहीं होता था और जो हास्पिटल थे भी वहां तात्कालीन समय में संस्थागत प्रसव कराने का परिपाटी भी नहीं थी ऐसे स्थिति में ग्रामीण सुदुर इलाकों में दाई माओं द्वारा प्रसव कराने जाने का प्रचलन था। सरकार द्वारा नर्स का पद इजाद करते हुये स्वास्थ्य सुविधाओं को मुहैया कराने के साथ साथ खास कर प्रसव कराने इनकी महत्वपूर्ण भूमिका बताई जा रही है लेकिन उस समय जब नर्स की व्यवस्था नहीं थी तो आस पडोस में रहने वाले दाई ही महिलाओं के समूचे गायनिक विभाग को सम्हालते थे जिसमें प्रसव कराना इनका मूल कार्य था। इस कार्य के बदले में कोई इन्हें कितना भी दे बडे श्रद्धा से लेते थे जिसमें नहीं कोई बार्गनिंग होता था बल्कि दाई गण स्वयं इसे फर्ज समझकर महिलाओं का प्रसव कराते थे। सरकार द्वारा नर्स दिवस की घोषणा तो कर दी गई लेकिन इसके पूर्व जो असंस्थागत एवं घरेलु प्रसव कराने वाले दाई माताओं के लिये कोई तिथि नहीं है हां कुछ सालों से इसके स्थान पर मितानिन है जो संस्थागत प्रसव पर ज्यादा प्राथमिकता देते हैं चूंकि इन्हें प्रसव कराने संबंधी कोई खास जानकारी भी नहीं होती है और होती भी है तो वो रिस्क लेना नहीं चाहते। वैसे स्वास्थ्य प्रशासन असंस्थागत प्रसव को लेकर काफी गंभीर है इसलिये हरहाल में गर्भवती माताओं को हास्पिटल में लाने की व्यवस्था दी गई है। दाई माताओं के संबंध में पूर्व नगर अध्यक्ष किशोर कसेर और पार्षद व नेता प्रतिपक्ष उमेश साव ने बताया कि पुसौर में मिरियानी, कैंता बाई, पान बाई, गुलापी कोल्ता, डांग आई महाणा, बिजली साव सहित अन्य कई दाई माताएं रहीं जो एक छोटी सी सूचना पर प्रसव कराने प्रसुता के घर चले जाते थे और प्रसव कराते थे।

## निधन

### मदनलाल जालान



**सरसींवा।** सरसींवा के अग्रवाल समाज के वरिष्ठ व्यक्ति 80 वर्षीय मदन लाल जालान का आकस्मिक ह्यदय गति रुक जाने से रविवार दोपहर 1.30 बजे निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार रविवार को 5.30 बजे श्मशान घाट में किया गया। वे पिछले साल भर से बीमार चल रहे थे। वे पूरा भरा पूरा परिवार छोड़ कर चले गए। उनके पीछे 3 भाई एव एक बहन जालान रमेश जालान के बड़े भाई थे एव सारंगढ़ भाजपा जिला अध्यक्ष सुभाष जलन के ताऊ है।

## महिलाओं को आत्मनिर्भर व स्वावलंबी बनाने हेतु समर्पित प्रयास: सीएन

# जेएसपी फाउण्डेशन के जनजीविका केन्द्र विकास में निभाएंगे भागीदारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ तमनार

जेएसपी फाउण्डेशन, जेपीएल तमनार द्वारा नव स्थापित जनजीविका केन्द्र स्व सहायता समूह के महिलाओं के सर्वांगीण विकास एवं आर्थिक सशक्तिकरण के संकल्पना को मूर्त रूप प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करेगी। इसके सहयोग से समूह की महिलाए विभिन्न आय अर्जन गतिविधियों से जुडकर अपने व परिवार के आर्थिक स्थिति बेहतर करने में सक्षम होगी।

जनजीविका केन्द्र एक छत के निचे विभिन्न प्रकार के आयअर्जन गतिविधियॉ सेनेटरी पैड, पापड़ एवं ब्रेड बेकरी निर्माण के अत्याधुनिक उपकरणों की स्थापना की गई है। वहीं मशरूम उत्पादन, विभिन्न प्रकार के बड़ी पापड़, आचार बनाने के साथ इसके निर्माण बारीकियों से रूबरू करने के लिए प्रशिक्षण की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। किसानों को विधी, मिलेट उत्पादन के लिए प्रोत्साहन व प्रशिक्षण सुविधा उपलब्ध कराई गयी है। नवस्थापित जनजीविका केन्द्र का शुभारंभ छविनाथ सिंह, कार्यपालन निदेशक एवं यूनिट हेडए जेपीएल तमनार के मुख्य आतिथ्य एवं डीके भार्गव, कार्यकारी उपाध्यक्ष, लायजन एवं जनसम्पर्क विभाग, गजेन्द्र रावत, उपाध्यक्ष, आपरेशन एवं मेंटनेंस विभाग, एनके सिंह, सहायक उपाध्यक्ष के विशिष्ट आतिथ्य, ऋषिकेश शर्मा, विभागाध्यक्ष



केन्द्र का उद्घाटन करते जेएसपी प्रबंधन के महाप्रबंधक सहित अन्य अधिकारी।

सीएसआर, जेपीएल तमनार, राजेश रावत, सहायक महाप्रबंधक एवं शताधिक उद्यमी ग्रामीणों की उपस्थिति में भगवान विश्वकर्मा को श्रीफल अर्पित व फीता काट कर किया गया। इस अवसर पर अपने मुख्य आतिथ्य सम्बोधन में छविनाथ सिंह, कार्यपालन निदेशक एवं यूनिट हेडए जेपीएल तमनार ने कहा कि अपने सामाजिक सरोकार निर्वहन में संस्थान सदैव अग्रणी भूमिका का निर्वहन कर रही है। नव स्थापित जनजीविका केन्द्र स्व सहायता समूह की उद्यमी महिलाओं की सामाजिक एवं आर्थिक विकास सुनिश्चित करने में मील का पत्थर साबित होगी। उन्होनें कहा कि परिश्रमी महिलाएं इस केन्द्र में आएं आय अर्जन के नए नए गतिविधियों, योजनाओं एवं और इसके बारिकियों के साथ बाजार उपलब्ध्ता से परिचित होकर आत्मनिर्भर व स्वावलम्बी बनें। उन्होनें आश्वस्त किया कि क्षेत्रवासियों के सक्रिय सहयोग एवं संस्थान के समर्पित प्रयास से क्षेत्र के सर्वांगीण विकास में हम जरूर सफल होगें।

ज्ञातव्य हो कि जेएसपी फाउण्डेशन, जेपीएल तमनार क्षेत्रीय महिलाओं के सामाजिक एवं आर्थिक सशक्तिकरण एवं जागरूकता के संकल्पना को मूर्त रूप प्रदान करने 200 स्व सहायता समूह का गठन किया है। जिसमें 2100 महिलाएं संबंध है। ये महिलाएं विभिन्न आयअर्जन गतिविधियों का संचालन कर अपने व परिवार की उन्मुखीकरण में प्रतिबद्ध हैं। इनके विकास के लिए जेएसपी फाउण्डेशन, जेपीएल तमनार अनेक कौशल आधारित योजनाएं वात्सल्य परियोजना, स्वावलबन एवं स्वशक्ति परियोजना का संचालन कर रही है, जो पूर्णतः महिलाओं के विकास पर आधारित है। इन उद्यमी व स्वावलबी महिलाओं को एक छत के निचे विभिन्न आयअर्जन गतिविधियां व प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए ही जनजीविका केन्द्र की स्थापना की गई है।



## ऐंडू पुल से राबर्टसन साईड़िंग तक सड़क नहीं बना तो होगा आन्दोलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

- जनप्रतिनिधियों ने दी चेतावनी, कई बार कर चुके मांग

राबर्टसन रेल्वे साइड़िंग से ऐंडू पुल तक की सड़क काफी जर्जर हो गई है। जिसमें आवागमन करने वाले राहगीरों में हमेशा भय बना रहता है। उसके बाद भी इस सड़क को नया बनाने के लिए कोई पहल नहीं कि जा रही है। इस सड़क को लेकर अब स्थानीय जनप्रतिनिधि आन्दोलन करने की तैयारी कर रहे है।

ग्राम देहजरी, भालूनारा, नवागांव, पामगढ़, रजघट्टा, छोटेडूमरपाली व बड़ेडूमरपाली के जनप्रतिनिधि विजय राठिया, लीलाधर राठिया, तारेन्द्र डनसेना, खेमलाल नागवंशी, बसंत डनसेना, बेदप्रकाश डनसेना, पूरन डनसेना, साधराम राठिया, सुकुल पटेल, पूरन पटेल, बाबूलाल राठिया, निलाम्बर मालाकार, डिगम्बर डनसेना, व बोधराम नागवंशी ने संयुक्त रूप से प्रेस विज्ञाप्ति जारी करते हुए बताया गया है। कि राबर्टसन रेल्वे स्टेशन से भालूनारा, देहजरी तक ग्रामीणों के आवागम के लिए सड़क बनाया गया है। लेकिन इस सड़क पर सैकड़ों आड़ानी कम्पनी की कोयला ट्रक चल रही है। इस कारण राबर्टशन रेल्वे स्टेशन से ऐंडू पूल तक सड़क की स्थिति काफी खराब हो गई है। हमारे दर्जनों गांवों के ग्रामीण, स्कूली बच्चे व अन्य राहगीर आवागमन करते रहते है। इस सड़क में आवागमन करने पर हमेशा कोई बड़ी दुर्घटना होने का भय बना रहता है। उसके बाद भी इस सकड़ को नया बनाने के लिए आड़ानी कम्पनी के द्वारा कोई पहल नही कि जा रही है। जनप्रतिनिधियों ने यह भी बताया कि अगस्त 2022 में आड़ानी कम्पनी के द्वारा स्थानीय विधायक व तत्कालीक मंत्री उमेश पटेल को कलेक्टर के माध्यम आश्वासन दिया गया था कि इस सड़क का जीर्णोद्धार किया जाएगा।

जिस कारण इस सड़क को विधायक उमेश पटेल ने शासकीय मद में एड़ नही करवाए। और 2023 में फिर से आड़ानी कम्पनी के द्वारा आश्वासन दिया गया। लेकिन उसके बाद भी आज तक आड़ानी कम्पनी के द्वारा इस सड़क को नही बनवाया गया है। इस सड़क की समस्या को लेकर जनवरी 2024 में विधायक उमेश पटेल नें स्थानीय ग्रामीणों को साथ में लेकर कलेक्टर से मिलने भी गए थे। जिस पर कलेक्टर ने जल्द नया सड़क बनाने का आश्वासन भी दिया गया था। लेकिन उसके बाद भी इस जर्जर सड़क को आज तक ना तो आड़ानी कम्पनी के द्वारा बनवाया गया। और ना ही शासन प्रसाशन के द्वारा बनवाया गया है।

## युवती से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार, जेल दाखिल



**रायगढ़।** कोतवाली पुलिस ने दुष्कर्म के मामले में पीड़िता के परिजनों की शिकायत पर आरोपी युवक को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जहां न्यायालय के निर्देश पर आरोपी को जेल भेज दिया गया। बीते 09 मई को स्थानीय युवती अपने परिजनों के साथ थाना में आकर मोनू बंधन पिता स्व भोलानाथ बंधन उम्र 30 साल निवासी रायगढ़ के विरुद्ध आवेदन देकर दुष्कर्म की रिपोर्ट दर्ज कराई। पीड़िता ने बताया कि 05 मई की रात्रि मोनू बंधन घर आकर जबरदस्ती बलपूर्वक दुष्कर्म किया। दूसरे दिन सुबह लड़की अपनी घरवालों को बताई। तब मोनू बंधन की मां कांति बंधन और उसका भाई सोनू बंधन इसे थाने में रिपोर्ट करने से मना कर धमकाने लगे। लड़की अपने परिवारजनों में सलाह मसवारा कर 09 मई को थाना में आवेदन देकर रिपोर्ट दर्ज कराई। थाना कोतवाली में अपराध पंजीबद्ध कर मामले को गंभीरता से लेते हुए उप निरीक्षक दीपिका निर्मलकर द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन पर युवती का मेडिकल कराकर तत्काल आरोपियों की पतासाजी के लिए टीम के साथ रवाना हुई।

## सट्टापट्टी लिख रहे पांच आरोपी गिरफ्तार 10 नकद सहित 3 मोबाइल जब्त



**रायगढ़।** चक्रधर नगर जूटमिल पुलिस व साइबर सेल की संयुक्त टीम ने कार्रवाई करते हुए सट्टा पट्टी लिख रहे पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पांचों सटोरियों से करीब 10 हजार रुपए नकद और तीन मोबाइल जब्त किए गए है।

इसी कड़ी में शनिवार को पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन पर साइबर सेल, थाना चक्रधरनगर एवं जूटमिल पुलिस की संयुक्त टीम बनाकर पुलिस ने सक्रिय किए गए मुखबीरों से सूचनाएं लेकर शहर में छापेमार कार्यवाही की गई जिसमें सट्टा पट्टी नोट कर रहे 05 आरोपियों को पकड़ा गया है जिनके कब्जे से 'नगद 9, 460 रूपए लाखों की सट्टा पट्टी और 3 मोबाइल' की जप्ती की गई है।

चक्रधर नगर पुलिस टीम ने बोईरदादर चौक के पास आरोपी योगेश बरेठ पिता सुरीत बरेठ उम्र 29 साल निवासी ग्राम सरवानी थाना बरमकेला जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ हाल मुकाम विजयपुर थाना चक्रधरनगर को पकड़ा जिससे 2,100 नगद और एक मोबाइल जब्त किया गया है। दूसरी कार्रवाई में बोईरदादर मां मेडिकल स्टोर के पास आरोपी सुनील यादव पिता गोपाल यादव उम्र 31 साल निवासी पंडरी पानी थाना चक्रधरनगर जिला रायगढ़ को पकड़ा गया जिससे 2,300 नगद और दो मोबाइल की जब्ती की गई है। जूटमिल क्षेत्र में पुलिस टीम की रेड पुलिस टीम ने आरोपी भूपेंद्र पटेल पिता अनुज पटेल उम्र 25 साल निवासी कबीरचौक रायगढ़ को कबीर चौक के पास पकड़ा गया जिससे 1,720 रुपए आरोपी जय किशन पिता चंद्रहास निषाद उम्र 19 साल निवासी कोड़ातराई जूटमिल को बीमा अस्पताल टी स्टॉल के पास पर सट्टा नोट करते पकड़ा गया जिसके कब्जे से 1,650 रुपए एवं आरोपी शहाबुद्दीन पिता शहानुद्दीन उम्र 35 वर्ष निवासी गांधीनगर जूटमिल को बीमा अस्पताल के पास पकड़ा गया जिसकी कब्जे से 1,690 रुपए की जप्ती की गई है। आरोपियों पर छत्तीसगढ जुआ प्रतिषेध अधिनियम के तहत कार्यवाही किया गया है।

सट्टा रेड कार्रवाई में थाना प्रभारी चक्रधरनगर निरीक्षक प्रशांत राव आहेर, थाना प्रभारी जूटमिल निरीक्षक मोहन भारद्वाज, साइबर सेल प्रधान आरक्षक राजेश पटेल, दुर्गेश सिंह, बृजलाल गुर्जर, रेणु मंडावी सिंह, आरक्षक प्रशांत पंडा, पुष्पेंद्र जाटवर, विकास प्रधान, विक्रम सिंह, सुरेश सिदार, प्रताप बेहरा, नवीन शुक्ला, रविंद्र गुप्ता, थाना जूटमिल के प्रधान आरक्षक रामनाथ बनर्जी, थाना चक्रधर नगर के प्रधान आरक्षक रवि साय शामिल थे।

## नाबालिग को भगा ले जाने के मामले में महिला को गिरफ्तार

**रायगढ।** जूटमिल पुलिस द्वारा नाबालिग बालिका को भगा ले जाकर दुष्कर्म करने के मामले में आरोपी के साथ बालिका को गलत तरीके से घर में छिपाकर रखने वाली आरोपी महिला श्रीमती सुमित्रा ओग्रे पति हरिश्चंद्र ओग्रे उम्र 40 साल निवासी टारपाली वार्ड क्रमांक 11 थाना चक्रधरनगर जिला रायगढ़ को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है। जानकारी के मुताबिक थाना जूटमिल के धारा 363, 366, 368, 376 आईपीसी 4,6 पॉक्सो एक्ट के अपराध में आरोपी संजय ओग्रे द्वारा 13 मार्च को थाना जूटमिल क्षेत्र की नाबालिक बालिका को बहला फुसलाकर अपने घर टारपाली ले गया था। जहां आरोपी संजय ओग्रे की मां श्रीमती सुमित्रा ओग्रे बालिका को नाबालिक जानते हुए 13 मार्च से 10 अप्रैल तक घर में छिपाकर रखी थी। जूटमिल पुलिस द्वारा बेटे के अपराध में प्रत्यक्ष रूप से शामिल रही आरोपिया श्रीमती सुमित्रा ओग्रे के विरूद्ध प्रकरण में धारा 368 विस्तारित कर आरोपिया को आज गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। विदित हो कि आरोपी संजय ओग्रे को जूटमिल पुलिस ने पूर्व में गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

## पशुओं को छांव में रखने व आटा रोटी, चावल नहीं खिलाने की अपील

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगढ़



- गर्मियों के दौरान उगाई जाने वाली ज्वार बिना सिंचाई के पशुओं के लिए है जहरीला चारा

सारंगढ़। पशुपालकों को भीषण गर्मी में पशुओं को धूप में रस्सी से बांधने से बचना चाहिए। किसी कारणवश धूप में बिना चारा पानी के बांधकर भूल जाने से अप्रिय स्थिति निर्मित हो सकती है। संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं छत्तीसगढ़ ने सभी जिलों के प्रभारी पशु चिकित्सा अधिकारियों को पशुधन के ग्रीष्मकालीन प्रबंधन पर निर्देश सहित पत्र जारी किया है। जारी निर्देश अनुसार पशु गृह में हवा का मुक्त आवागमन सुनिश्चित कर पशुओं को सीधी को धूप से बचने के लिए पशुशाला के मुख्य द्वार पर खस या जूट की बोरियों के पर्दे लगाने चाहिए।

पशुओं को गर्मी से बचाने के लिए पशु शाला में पंखे, कूलर और स्प्रिंकलर सिस्टम लगाये जा सकते हैं। यह दुधारू पशुओं के लिए उपयुक्त है। पशु शाला में पर्याप्त स्वच्छ पेयजल हमेशा उपलब्ध हो और यह पेयजल छांव में होना चाहिए। पानी और पानी के कुंड को हमेशा साफ रखें। पानी के कुंड की नियमित रूप से चुने से सफाई करनी चाहिए। पशुओं में लू लगने पर पशु चिकित्सक से परामर्श लें।

### पशु आहार खिलाने में सावधानी

पशुओं को कार्बोहाइड्रेट युक्त भोजन जैसे आटा, रोटी, चावल आदि नही खिलाएं। संतुलित आहार के लिए अनाज और चारे का अनुपात 40, 60 रुपए रखें। गर्मियों के दौरान उगाई जाने वाली ज्वार में जहरीले पदार्थ हो सकते हैं, जो जानवरों के लिए हानिकारक हो सकते हैं इसलिए वर्षा के अभाव में ज्वार की फसल को पशुओं को खिलाने से पहले दो तीन बार सिंचाई करना आवश्यक है।

### मौसमी बीमारी की रोकथाम हेतु पशुओं को टीका लगवाएं

पशुओं में बरसात के मौसमी बीमारियों की रोकथाम हेतु गर्मी में एचएस, एफएमडी, बीक्यू आदि के टीके लगवाने चाहिए।

### अधिकारियो को निर्देश

पत्र में अधिकारियो को निर्देश दिया गया है कि पशु शाला के खुले क्षेत्र के आसपास छायादार पेड़ लगाए जो तापमान को कम करने में सहायक होते हैं। अपने क्षेत्र में चारे की पर्याप्त व्यवस्था और उपलब्धता तथा पशुओ हेतु पेयजल की उपलब्धता स्थानीय निकाय से समन्वय बनाकर सुनिश्चित करें। जिले के सभी पशु चिकित्सा संस्थानों में जीवन रक्षक औषधि का भंडारण सुनिश्चित करें। उल्लेखनीय है कि जारी पत्र में भारतीय जीव जंतु कल्याण बोर्ड और छत्तीसगढ़ शासन राजस्व विभाग का प्रबंधन के पत्र का हवाला दिया गया है, जिसमें पशुओं को ग्रीष्मकालीन अवधि में बचाव हेतु आवश्यक कार्रवाई हेतु निर्देश दिया गया है।

## पीट-पीटकर की थी युवक की हत्या, तीनों आरोपी जेल गए



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

खरसिया पुलिस द्वारा 09 मई को ग्राम भेलवाडीह में युवक दीपक पटेल की मारपीट कर हत्या करने वाले तीन आरोपी संतोष पटेल, अजय पटेल और संतोष की पत्नी रामेश्वरी पटेल को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश कर जेल भेजा गया है।

जानकारी के मुताबिक आरोपियों द्वारा पुरानी रंजीश को लेकर 09 मई की रात्रि दीपक पटेल को लोहे के रॉड, बांस के डण्डा और लात मुक्कों से मारपीट कर चोट पहुंचाए थे। मारपीट में गंभीर चोट आए दीपक को डायल 112 द्वारा नजदीकी अस्पताल खरसिया लाकर भर्ती किया गया था। प्राथमिक उपचार के बाद डाक्टर द्वारा दीपक पटेल को रिफर करने पर उसके परिवार वाले खरसिया से अपेक्स अस्पताल रायगढ़ में ले जाकर भर्ती किए थे जहां उपचार दौरान 10 मई की सुबह 03 बजे दीपक मौत हो गया।

घटना के संबंध में मृतक दीपक के चचेरे भाई नागेन्द्र पटेल निवासी ग्राम सिंघनसरा थाना सक्ती जिला सक्ती की रिपोर्ट पर थाना खरसिया में आरोपियों पर धारा 302, 294, 323, 34 आईपीसी का अपराध कायम कर तत्काल पुलिस टीम द्वारा आरोपी संतोष पटेल पिता मनोहर पटेल उम्र 46 वर्ष निवासी भेलवाडीह थाना खरसिया अजय पटेल पिता गोविंद राम पटेल उम्र 36 साल निवासी छोटे मुड़पार थाना खरसिया श्रीमती रामेश्वरी पटेल पति संतोष पटेल उम्र 30 वर्ष भेलवाडीह थाना खरसिया को हिरासत में लिया गया।

आरोपियों ने अपना जुर्म स्वीकार किया है जिनसे घटना में प्रयुक्त लोहे का रॉड, बांस का डंडा जब्त कर आरोपियों को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है।







मूत्र किडनी एवं प्रोस्टेट

समस्त किडनी रोग गुर्दा, नेफ्रोलाजी किडनी में सुजन दर्द पेशाब कम होना या रूकावट जलन, सिरम क्रियेटिनिन, यूरिक एसिड, यूरिया का बढ़ना पैरो या आंखो में सूजन अगर डायलिसिस में चल रहे हो या किडनी बदलने कि नौबत आ गई हो तो इस चिकित्सा से जीवन बच सकता है, यह चिकित्सा किडनी के नेफ्रान्स सेल को पुनः एक्टीवेट (रिजनरेट) अर्थात् फिर से जीवन प्रदान करता है यूरेथ्रास्ट्रेक्चर (मूत्र नली का सिकुड़न) पेशाब न उतरना, बूंद बूंद टपकना या बन्द होना, आपरेशन कि आवश्यकता नहीं होती एवं पेशाब में जलन, पीला लालिमा रहना या खून या मवाद आना । प्रोस्टेट विकार बार बार पेशाब होना, बूंद-बूंद या रूकना, इसके कारण सेक्स में आई कमजोरी। समय : 11 से 3 बजे तक

जीवन ज्योति क्लीनिक डॉ. आर अग्रवाल (हर्बल मेडिसीन) नया बस स्टैण्ड के अंदर, गोलू पोहा जलेबी होटल के ऊपर शॉप नं. 25 दुर्ग (छ.ग.) स्थायी चिकित्सा परामर्श के लिए मिले मो. 7587099540 (आने से पहले फोन करें)